पर्वत के पीछे बरसाना गांव गांव में किशोरी रहती है

पर्वत के पीछे बरसाना गांव,
गांव में किशोरी रहती है,
लाड़ली किशोरी जु का,
राधे रानी नाम,
ऐसा ब्रजवासी कहते है,
गांव में किशोरी रहती है।bd।

तर्ज – परबत के पीछे।

राधे राधे नाम जपे जो,
भव से तर जाए,
जीवन अपना सफल बना के,
पावन हो जाए,
राधे जी के नाम की रटना,
जो भी रट जाए,
वो ही जाएगा राधे के धाम,
ऐसा ब्रजवासी कहती है,
गांव में किशोरी रहती है।bd।

इस श्यामा के दर्शन में भी,
श्याम नज़र आए,
कैसी सुन्दर जोड़ी देखो,
मन को ललचाए,
मोहनी मूरत सांवली सूरत,
मन में बस जाए,
यही आएँगे प्यारे तेरे काम,
दुनिया तो कुछ भी कहती है,
गांव में किशोरी रहती है।bd।

राधे जी में श्याम बसे है,
श्याम में है राधा,
राधा के बिन श्याम अधूरा,
आधी है राधा,
राधेश्याम नाम जब होता,
दोनों मिल जाए,

Bhajan Diary Lyrics,
समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

भजनों में खोए रहते है,
गांव में किशोरी रहती है।bd।

पर्वत के पीछे बरसाना गांव,
गांव में किशोरी रहती है,
लाड़ली किशोरी जु का,
राधे रानी नाम,
ऐसा ब्रजवासी कहते है,
गांव में किशोरी रहती है।bd।

स्वर / रचना – दिनेश जी भट्ट।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com